लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति **PRESS RELEASE**

LOK SABHA SPEAKER TO ATTEND 4TH SOUTH ASIAN SPEAKERS SUMMIT ON "ACHIEVING THE SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS (SDGs) IN MALE, MALDIVES".

New Delhi 31 August 2019 : Hon'ble Speaker, Lok Sabha, Shri Om Birla left for Male (Maldives) to attend the 4th South Asian Speakers' Summit on 'Achieving the Sustainable Goals (SDGs) being held on 1st and 2nd September, 2019. He is accompanied by Shri Harivansh, Hon'ble Deputy Chairman, Rajya Sabha, Smt. Snehlata Shrivastava, Secretary General, Lok Sabha and Shri Desh Deepak Verma, Secretary General, Rajya Sabha. Apart from India, Speakers/Presiding officers of Parliaments from Afghanistan, Bangladesh, Bhutan, Maldives, Myanmar, Nepal, Pakistan and Sri Lanka constitute the South Asian Speakers' Forum.

The above Forum was conceptualized during the first South Asian Speakers' Summit held in 2016 in Dhaka (Bangladesh) with India as a major proponent.

The Second and third editions of the Summit were respectively held in Indore, Madhya Pradesh (India) and Colombo (Sri Lanka) in 2017 and 2018. The extant Conference is the fourth Summit of the Forum.

The delegates, during the event, will discuss what their parliaments have done to advance the work on the SDGs and the issues identified in the Colombo Declaration adopted by the South Asian Speakers in 2018. During the three sessions, the delegates will hold discussions on the themes 'Promoting equality at work including equal remuneration and creating jobs for young people', 'Achieving SDGs 2 and 3 – Nutrition and food security as drivers of maternal, child and adolescent health in the Asia-Pacific region' , and 'Catalyzing the global agenda on climate change-overcoming challenges and utilizing opportunities to strengthen the regional agenda for delivering on the Paris Agreement'.

Hon'ble Speaker, Lok Sabha will address the Summit and participate in various sessions of the Summit. An outcome document will also be adopted after the conclusion of the Summit.

‘सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति’ विषय पर दक्षिण एशियाई देशों की संसदो के अध्यक्षों के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए माननीय अध्यक्ष, लोकसभा का माले, मालदीव का दौरा।

नई दिल्ली, 31 अगस्त 2019 : माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीओम बिरला, ‘सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति’ विषय पर 1 और 2 सितंबर 2019 को होने वाले दक्षिण एशियाई देशों की सांसदों के अध्यक्षों के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए माले (मालदीव) रवाना हुए । राज्यसभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश, लोकसभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्यसभा के महासचिव श्री देश दीपक वर्मा भी उनके साथ हैं। भारत के अलावा अफगानिस्तान, बंगलादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका की संसदों के अध्यक्ष/पीठासीन अधिकारी दक्षिण एशियाई अध्यक्ष मंच में शामिल है।

उक्त मंच की संकल्पना ढाका (बंगलादेश) में 2016 में हुए पहले दक्षिण एशियाई देशों के अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में की गई थी, जिसमें भारत इसका प्रमुख समर्थक था । दूसरा और तीसरा शिखर सम्मेलन इंदौर, मध्य प्रदेश (भारत) और कोलंबो (श्रीलंका) में क्रमशः 2017 और 2018 में हुआ । वर्तमान सम्मेलन इस मंच का चौथा शिखर सम्मेलन है ।

कार्यक्रम के दौरान शिष्टमंडल सतत विकास लक्ष्यों संबंधी कार्य को आगे बढ़ाने के लिए उनकी संसदों द्वारा किए गए कार्यों और 2018 में दक्षिण एशियाई देशों की सांसदों के अध्यक्षों द्वारा स्वीकृत की गई कोलंबो घोषणा में मुद्दों पर विचार चर्चा करेंगे। तीन सत्रों के दौरान शिष्टमंडल ‘समान पारिश्रमिक और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के साथ ही कार्य में समानता को बढ़ावा देना, ‘सतत विकास लक्ष्य दो और तीन-एशिया प्रशांत क्षेत्र में मातृ शिशु और किशोरों के लिए स्वास्थ्य के सहायक के रूप में पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त करना’ और ‘पर्यावरण परिवर्तन संबंधी वैश्विक एजेंडे को बढ़ावा देना - पेरिस समझौते को लागू करने संबंधी चुनौतियों से निपटना तथा इसके क्षेत्रीय एजेंडे को सुदृढ़ करने के लिए अवसरों का उपयोग करना’ विषयों पर चर्चा करेंगे ।

माननीय लोकसभा अध्यक्ष शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे और शिखर सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे । शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद एक परिणाम दस्तावेज को भी स्वीकृत किया जाएगा।